# वीयू में सोलर पैनल एवं अतिथि गृह का उद्‌घाटन किया गया



आज दिनांक 01.08.2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन में सोलर पैनल एवं अतिथि गृह का उद्‌घाटन किया गया, जिसमें माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी ने बताया कि सोलर पैनल के माध्यम से बिजली की बचत होगी तथा पर्यावरण को संरक्षण एवं संवर्धन भी मिलेगा, तथा विश्वविद्यालय परिसर में अतिथियों एवं कृषको के लिए वातानुकूल रहने के लिये अतिथि गृह उपलब्ध रहेगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री अखिलेश जैन, स्वतंत्र गेल, निदेशक, इंडिया लिमिटेड ने बताया कि यह वि.वि. के लिए सोलर पैनल एक बड़ी उपलब्धि है, जिसमें सोलर पैनल एल्युमीनियम फ्रेम प्लांट के साथ, हम मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने और सौर ऊर्जा क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम उठा रहे हैं। इसकी क्षमता 70 किलोवाट होगी, इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. एस.एस. तोमर, संचालक, अनुसंधान सेवायें, डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. सुनील नायक, लेखा नियंत्रक श्री महेश कोरी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ.जी. पी. लखानी, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा, एवं पशुपालन महाविद्यालय के डीन डॉ. आर.के.शर्मा, डॉ. अपरा शाही,. गिरिधारी दास, डॉ. आर.वी. सिंह, डॉ. पूनम शाक्या, उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर